# हत्या के आरोप में पांच जने गिरफ्तार

**रामगंजमंडी** (निसं)।स्थानीय पुलिस ने हत्या के आरोप में दो महिला सहित पांच मुल्जिमान को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उक्त जानकारी देते हुए करन शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि थाना रामगंजमंडी पर 06 जुलाई 2024 को फरियादी राकेश सांखला निवासी सुभाष कोलोनी रामगंजमंडी ने अपने भाई सोनू सांखला के साथ मारपीट कर हत्या कारित करने की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी।जिसमें थाना रामगंजमंडी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुल्जिमान तीन पुरूष एवं दो महिला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।



रामगंजमंडी पुलिस ने हत्या के आरोप में दो महिला सहित पांच जनों को गिरफ्त में लिया।

फरियादी राकेश सांखला पुत्र सतपाल सिंह जाति खटीक (43) निवासी सुभाष कोलोनी रामगंजमंडी थाना रामगंजमंडी जिला कोटा ने एसआरजीएच अस्पताल झालावाड में रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरा छोटा भाई सोनू सांखला ड्राईवरी का कार्य करता था। दिनांक 03.07.2024 को सोनू सांखला अपनी जीप लेकर घर पर आ रहा था तो गिर्राज मीणा एवं उसके परिवार वालो ने सोनू सांखला की जीप को रोक लिया। मेरे छोटे भाई सोनू सांखला के साथ मोहनलाल मीणा मोहनलाल मीणा की पत्नी जगदीश मीणा,जगदीश मीणा की पत्नी जगदीश मीणा के तीनो लडके गिर्राज मीणा गिर्राज मीणा की पत्नी पदमा मारपीट कर रहे थे।

जब हमने मारपीट करने का कारण पूछा तो बताया कि सोनू ने हमारे छोटे बच्चे के जीप से टक्कर मार दी है। मेरे भाई सोनू सांखला के साथ लात मुक्को से मारपीट की।जिससे मेरे भाई सोनू सांखला के पेट मे अंदरुनी चोटे आई मैने व मेरे परिवार वालों ने बीच बचाव किया। मेरा भाई बेहोश हो गया जिसे हम इलाज के लिये रामगंजमंडी अस्पताल लेकर गये। रामगंजमंडी अस्पताल से डॉक्टर साहब ने मेरे भाई ने एसआरजीएच अस्पताल झालावाड रैफर करने पर हम मेरे भाई सोनू को इलाज के लिए एसआरजीएच अस्पताल झालावाड लेकर आये। जहां पर मेरे भाई सोनू का इलाज चल रहा था तथा दौराने इलाज पांच जुलाई को मृत्यु हो गयी है।

हत्या कारित करने की घटना की जानकारी पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण रविन्द्र सिंह के सुपरविजन मे नरेन्द्र पारीक वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन में रामनारायण भंवरिया पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना स्तर की टीम द्वारा उक्त मुल्जिमान मोहनलाल मीणा (73),गिरिराज मीणा (34),जगदीश चन्द मीणा (41), पदमा कुमारी (32), सरोज बाई (40) निवासीगण सुभाष कॉलोनी रामगजमंडी थाना रामगजमंडी जिला कोटा को त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## शुभ संयोग में श्रावण मास

**छबड़ा** (निसं)। हिन्दू धर्म में वैसे तो सभी महीनों का विशेष महत्व है, लेकिन सावन का महीना बेहद खास माना जाता है। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित होता है। मान्यता है सावन के महीने में की जो भी पूजा पाठ की जाती है उसका विशेष फल प्राप्त होता है। इस बार सावन पर काफी अद्भुत संयोग बन रहे हैं। सावन इस साल विशेष इसलिए भी है क्योंकि सावन के महीने की शुरुआत सोमवार से ही हो रही है। भगवान भोलेनाथ की आराधना के पवित्र श्रावण मास की शुरुआत इस बार कृष्ण पक्ष की एकम 22 जुलाई से होगी। इस दिन सोमवार है। श्रावण का समापन श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 19 अगस्त को होगा, इस दिन भी सोमवार रहेगा। श्रावण मास 29 दिन का रहेगा, जिसमें कृष्ण पक्ष 14 दिन और शुक्ल पक्ष के 15 दिन होंगे। पंडितों ने बताया कि श्रावण मास में 5 सोमवार का आना और पहले और अंतिम दिन सोमवार होना शुभ संकेत हैं। यही नहीं श्रावण कृष्ण पक्ष का प्रारंभ सोमवार से और श्रावण शुक्ल पक्ष का प्रारंभ भी सोमवार से ही होगा। आखिरी सोमवार को पूर्णिमा तिथि के साथ रक्षाबंधन पर्व का संयोग भी रहेगा।

## सेवानिवृत शिक्षक व एएनएम ने सपत्निक देहदान का संकल्प लिया

■ देहदान जागरूकता के प्रयासों के बाद आम लोगों में इस तरह के सेवा कार्यों में काफी रुचि बढ़ी है

**बूंदी** (निसं)। संपूर्ण हाडोती में पिछले 13 वर्षों से चल रहे नेत्रदान अंगदान और देहदान जागरूकता के सक्रिय प्रयासों के बाद आम लोगों में इस तरह के सेवा कार्यो में काफी रुचि बढी है।

रविवार को नव-जीवन संघ कॉलोनी, बूंदी निवासी सेवानिवृत शिक्षक सत्यनारायण शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुशीला शर्मा सेवानिवृत्त एएनएम ने शाइन इंडिया फाउंडेशन के साथ अपना देहदान का संकल्प पत्र भरकर संस्था की बूँदी शाखा के ज्योति मित्र इदरिस बोहरा को सौंपा। देहदान संकल्पित शर्मा दंपत्ति ने अपने देहदान संकल्प करने के इस निर्णय को परिवार के सभी सदस्यों एवं क़रीबी रिश्तेदारों को सूचना कर दी है । सत्यनारायण जी का कहना है कि, मनुष्य अपने कर्मों से महान बनता है,देहदान एक पुण्य का कार्य है,मुझे खुशी है कि,मैं इस कार्य में सहयोगी बना।

सुशीला ने भी देहदान के प्रति अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि वह स्वयं चिकित्सा सेवा के साथ काफी जुडी रही है अब देहदान करके चिकित्सा सेवा को गुरु दक्षिणा भेंट करना चाहती हैं, उन्होंने यह भी कहा कि मेरे अंत समय के बाद मेरी मृत देह पर भावी चिकित्सक अध्ययन करें,यही मेरे प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

ज्ञात हो कि, बीते दिनों रेडक्रॉस सोसायटी, बूँदी द्धारा डॉक्टर्स डे पर बूंदी मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ गुलाब कंवर ने भी देहदान के विषय में उपयुक्त जानकारी दी थी । संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन ने भी देहदान के कार्य को बूंदी में बढ़ाने के लिए अपनी टीम की ओर से डॉ गुलाब कंवर को आश्वासन दिया है की,जल्दी ही, शहर में देहदान के कार्यों को बढ़ाया जायेगा। अभी तक बूंदी मेडिकल कॉलेज में एक देहदान पिंकी छाबड़ा का हुआ है, जो की संस्था की ओर से ही कराया गया था।

## सार-समाचार

### अघोषित बिजली कटौती से परेशान

**छबड़ा** (निसं)। एक ओर जहां सरकार आम जनता को सुविधा देने की बात करती है। वहीं दूसरी ओर यहां की जनता अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझ रही हैं। आए-दिन कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी अन्य कारणों से कही घंटे बिजली गुल रहती हैं। जिम्मेदार विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान तक नही दिया जा रहा हैं। जिससे कारण अब उपभोक्ताओं में आक्रोश बढने लगा हैं। अघोषित बिजली कटौती के कारण बिजली से जुडे तमाम कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वही, दिन-रात के समय बिजली कटौती होने से न दिन को चैन मिल रहा है और न रात को आराम मिल पा रहा है। बिजली कटौती होने पर लोग घरों के बाहर आकर बिजणी लेकर बैठकर हवा करते नजर आते है व दुकानदार हाथ पर हाथ धर बैठे नजर आते हैं। रात के समय बिजली कटौती होने से छोटे बच्चे सबसे ज्यादा बेहाल हो रहे है। यहां बीते कुछ दिनो यह समस्या आम हो गई है। बिजली बिल आने की तो गारंटी है, लेकिन बिजली कब आएगी और कब जाएगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिजली से जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही हैं। इससे अब उपभोक्ताओं में आक्रोश बढने लगा है। वही, इलेक्ट्रोनिक दुकानदारों का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती से व्यवसाय ठप रहता है। पंखे-कूलर ठीक करने वाली दुकानों पर कामकाज ठप पड़ रहता है। बिजली आने का इंतजार रहता है। उसके बाद ही व्यवसाय कर पा रहे है। अघोषित कटौती से परेशान लोगो के लिए रही-सही कमी लो वोल्टेज ने पूरी कर रखी है। ऐसे में लोगों के घर में रखे कूलर, फ्रीज पंखे आदि बिजली के उपकरण शो पीस बने हैं।

### जरूरतमंद महिलाओं को राशन किट बांटे

**कोटा,** (निसं)। स्वामी शांति प्रकाश सेवा समिति के तत्वावधान में शांति प्रकाश हॉल गुमानपुरा पर रविवार को सिंधी समाज की वृद्ध विधवा एवं जररूतमंद 200 महिलाओ को एक माह की राशन सामग्री का वितरण किया गया। वर्ष 2017 से ओम बिरला की प्रेरणा से प्रतिमाह माह के प्रथम रविवार को राशन सामग्री का सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष ओम आडवानी के नेतृत्व में लगातार वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसपी दिलीप कुमार सैनी ने महिलाओं को राशन किट का वितरण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महिला थाना प्रभारी रविंद्र सिंह रहे। मुख्य अतिथि एएसपी ने कहा कि समाज की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को राशन सामग्री का वितरण लगातार पिछले 7 सालों से किया जा रहा है जो अद्भुत व अन्य समाज के लोगों के लिये प्रेरणादायक है। राशन कीट में तेल,बेसन, आटा, शक्कर, चायपत्ती, दाल, पोहा, साबुन, सर्फ सहित अन्य जरूरत का सामान दिया जाता है ताकि समाज की जरूरतमंद महिलाओ व उनके परिवारो को भूखा नहीं सोना पड़े। कार्यक्रम में सिंधी समाज के पदाधिकारी पुरुषोत्तम छाबड़िया, प्रकाशवीर नाथानी, शमशेर परमानी, जय चंचलानी, दौलत लालवानी, प्रताप बजाज, रवि बृजवानी, बलराम दासवानी, मेघराज पमनानी, सुनील सुखेजा, विरेन्द्र सुखेजा, प्रताप राय, राकेश मामनानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा का स्वागत

**मांगरोल** (निसं)। नगर मांगरोल में भगवान जगन्नाथ की शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से रविवार को गालव समाज सीताराम मंदिर से निकली यह शोभायात्रा मंदिर से बस स्टेण्ड, आजाद चौक नदी पार सीसवाली तिराया होकर वापन नगर पालिका के पास होकर मैन बाजार कुंज चौक , छोटा बाजार सत्यनारायण मंदिर तक पहुची वहीं से शोभा यात्रा वापस , भगवान जगदीश मंदिर से श्रीजगन्नाथ भगवान की भव्य यात्रा निकाली गई ।जगह जगह भगवानश्री जगन्नाथ की रथ यात्रा भव्यस्वागत आरती भक्तजनौ ने की तथा रथ यात्रा जगदीश मंदिर पहुची जहा महाआरती की और प्रसाद वितरण किया तथा इसी दिन बंबोरीकलां में भी भगवान जगन्नाथ भव्य शोभायात्रा निखाली है रथयात्रा में मांगरोल थाना अधिकारी महेंद कुमार मीणा में जाप्ता जवानो के साथ चले

### रोडवेज की नई बस सेवा शुरू

**रावतभाटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम झालावाड आगार के मुख्य प्रबंधक अतुल यादव प्रबंधक यातायात कुलदीप मेहर ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों की एवं जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से मांग को देखते हुए एवं सुविधा और यात्री भार को देखते हुए झालावाड आगार द्वारा सोमवार से पुनः झालावाड़-रावतभाटा-पिडावा नई बस सेवा का संचालन शुरु कर दिया गया है। बस झालावाड़ से शाम 16:30 बजे रवाना होकर रावतभाटा वाया ढाबादेह, मोडक, चेचट, खातीखेड़ा, एकलिंगपुरा होकर रात्री 8 बजे पहुंचेगी। यह बस रावतभाटा से पिड़ावा के लिए सुबह 6 बजे वाया एकलिंगपुरा, खातीखेडा, चेचट, मोडक, ढाबादेह होकर झालावाड 9:45 बजे पहुंचेगी। बस झालावाड़ से पिड़ावा के लिए 10 बजे रवाना होगी जो दोपहर 12 बजे पिडावा पहुंचेगी। बस पुनः पिडावा से रावतभाटा के लिए दोपहर 12:30 बजे रवाना होगी।

### लोकसभा अध्यक्ष को मुकद्दर भेंट किए

**बूंदी** (निसं)। दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बनने के बाद प्रथम बार बून्दी आगमन पर शहर वासियों ने जोशीला स्वागत किया गया। शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का ढोल नगाड़ा की थाप पर आतिशी धमाकों के बीच जोशीला फूलमालाओं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत कर स्वर्ग आश्रम भावभट्ट बूंदी व्यायामशाला के पहलवान तरुण राठौर ने अखाड़े की और से नए मुकद्दर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेट किए एवं लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता का भी फूल मालाओं से बना कर स्वागत किया गया।

### नागरिक उड्डयन मंत्री का स्वागत

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान सरकार के स्वतंत्र प्रभार के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक से मुलाकात कर स्वागत अभिनंदन किया। शनिवार रात को मंत्री गौतम कुमार दक से श्री सर्राफा संस्थान के सचिव नवरत्न बील्या व पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के सचिव आशुतोष तोतला ने मुलाकात कर स्वागत अभिनंनदन किया। इस दौरान चितौडगढ जिले की बस्सी के पूर्व उप प्रधान सी पी नामधरानी, माहेश्वरी पंचायत संस्थान बूंदी के सह प्रचार मंत्री विनोद कुमार मंत्री भी मौजूद रहे।

### सांसद सिंह आज छबड़ा आएंगे

**छबड़ा** (निसं)। लोकसभा चुनाव में विजयश्री हासिल करने के बाद बारां-झालावाड़ सांसद दुष्यंतसिंह सोमवार को छबड़ा क्षेत्र के गांवो का दौरा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगें। वहीं स्थानीय भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

# भगवान रंगनाथ जी महाराज की रथयात्रा निकली

■ भगवान रंगनाथ जी महाराज रथ में विराजे

**बून्दी** (निसं)। जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ... इन जयकारों के साथ आराध्य श्री रंगनाथ, वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ श्री गोपाल लाल मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां मंदिरों में आराध्यों ने रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। पुष्प मालाओं से सुसज्जित मंदिरों में आराध्यों की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर भगवान के जयकारों के साथ भजन कीर्तन के दौर चलते रहे।

श्री रंगनाथ सेवा समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर प्रात: 11 बजे वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ श्री गोपाल लाल जी मंदिर पर पुजारी पंडित मधुसूदन शर्मा ने गोपाल लाल जी को नए वस्त्र धारण करवाएं। यहां श्री गोपाल लाल जी महाराज को पुष्प मालाओं से सुसज्जित रथ पर विराजित कर चारों दिशाओं में भ्रमण करवाया गया और चारों दिशाओं पर उनकी आरती उतारी गई।



बून्दी के आराध्य श्री रंगनाथ, वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ श्री गोपाल लाल मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर भानु शर्मा, सुशील कासट, जितेंद्र तिवारी, देवेंद्र सरोया, सत्यनारायण अग्रवाल, हनुमान शर्मा सहित महिलाओं एवं पुरुषों ने भगवान के रथ को हांका तथा भगवान के जयकारों के साथ भजन कीर्तन करते रहे। यहां पर आमरस, मूंग एवं चने की भीगी हुई दाल का प्रसाद वितरित किया।

श्री रंगनाथ भगवान के दर्शन कर की बूंदी की खुशहाली की कामना

बूंदी के आराध्य श्री रंगनाथ मंदिर पर दोपहर 12:30 बजे श्री रंगनाथ जी, श्री गोविंद नाथ जी, श्री पीतांबर जी की प्रतिमाओं को रथ में विराजमान किया तथा रथ को पुष्पों से सजाया गया प्रतिमाओं को नए वस्त्र भी धारण कराए गए।

श्री रंगनाथ मंदिर में बूंदी के पुलिस कप्तान हनुमान प्रसाद मीणा ने परिवार जनों के साथ मंदिर पहुंचकर बूंदी के आराध्य श्री रंगनाथ भगवान के दर्शन कर बूंदी की खुशहाली की कामना की तथा रथ को चारों दिशाओं में सभी परिवार जनों, श्रद्धालु एवं भक्तजनों के साथ परिक्रमा करवाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर बूंदी की आराध्य श्री भगवान रंगनाथ जी के दर्शन करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ जो की मेरे लिए अनमोल क्षण है।

पुजारी पंडित गणेश शर्मा, पुजारी पंडित मुकेश शर्मा, पुजारी रघुनंदन राज मुखिया ने भगवान को चारों दिशाओं में भ्रमण करवाकर आरती उतार कर सामूहिक रूप से आर्तियां गाई गई इस मौके पर पूर्व पार्षद विजय शंकर टेलर, विश्व ब्राह्मण संगठन जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश तलवास, शिक्षाविद राजेश बाबू, डॉ सतीश शर्मा, प्रभु श्रृंगी, काफी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजनों ने श्री रंगनाथ के जयकारे लगाते हुए भगवान की विभिन्न प्रकार की आर्तियां गाकर भगवान को रिझाया तथा लड्डू एवम परंपरागत रूप से मूंग एवम चने की भीगी हुई दाल का प्रसाद वितरित किया गया।

## वन यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाएगा राठौर तेली समाज

**बूंदी** (निसं)। विगत कई वर्षों से राठौर तेली समाज बूंदी द्वारा भव्य श्री सांवरियां बिहारी भगवान की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएंगी।

तेलियान पंचायत के मंत्री सत्यनारायण मंगरीदा ने बताया की वन यात्रा महोत्सव के लिए पंचायत की एक बैठक वरिष्ठ सदस्य मोहन लाल अजमेरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी की सर्व सहमति से आगामी 11 अगस्त 2024 रविवार श्रवण शुक्ल सप्तमी पर नागदी बाजार बूंदी से श्री सांवरियां बिहारी भगवान की शोभायात्रा बडी धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बैंड बाजा, घोड़े,बग्गी, ऊंट गाड़ी, डोल, डीजे सहित भगवान श्री सांवरिया बिहारी का बियाण सुसज्जित होकर निकालेगे, जिसमे बूंदी शहर के राठौर तेली समाज के महिला पुरुषों के साथ युवा सभी अपनी पारंपरिक वेश भूषा में भगवान के जयकारे लगाते हुए शामिल होंगे। शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए जैतसागर तालाब पर भगवान सांवरिया बिहारी को वन विहार करवायेंगे।

# कोटा में भगवान जगन्नाथ व महर्षि गौतम की भव्य शोभायात्रा निकाली

**कोटा,** (निसं)। श्री महर्षि गौतम छात्रावास समिति कैंत की चौकी अग्रसेन बाजार कोटा द्वारा श्री महर्षि गौतम छात्रावास एवं संस्कार केंद्र निर्माण समारोह का आयोजन रविवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्था संरक्षक पंडित बद्री प्रसाद गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम की भव्यता ने समाज को एक सूत्र में पिरो दिया।

समिति द्वारा पहली बार निकाली गई शोभयात्रा में उत्साह, उमंग और हर्ष देखते ही बन रहा था। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाएं पारम्परिक परिवेश में भगवान जगन्नाथ एवं महर्षि गौतम के जयकारे लगाते हुए चल रहीं थी। गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कोटा संभाग के सभी समाजबंधुओं की उपस्थित रही। शोभायात्रा श्री महर्षि गौतम सर्कल टीवीएस चौराहा से प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई ओसीएफ डी-2 व 3 संस्कार केन्द्र श्रीनाथपुराम पर संपन्न हुई। संयोजक हीरेंद्र शर्मा, सह-संयोजक दिनेश शर्मा मौली ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं खाद्य सामग्री वितरण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रात:काल दिनेश मोली परिवार की और से श्री महर्षि गौतम एवं माता अहिल्या के मंदिर का निर्माण कार्य का श्री गणेश भी हुआ। पं मुकेश शास्त्री के आचार्यत्व में कार्यक्रम विधि विधान व शुभ मुहूर्त में सम्पन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम में शिला व निर्माण औजारों का पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। सह संयोजक मनोज गौतम एडवोकेट ने बताया कि समारोह के दौरान बनने वाले भवन के बारे में विस्तृत जानकारी एलईडी स्क्रीन, एनिमेशन के माध्यम से दी गई। समाजबंधुओं को बताया गया कि किस तरह से छात्रावास का निर्माण होगा, वहां क्या सुविधाएं रहेंगी और बनने के बाद समाज इसका लाभ किस तरह से उठा सकता है इसकी जानकारी दी गई। भव्य रूप में बनने वाले छात्रावास और मंदिर का विस्तृत विवरण समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए संरक्षक बद्री प्रसाद गौतम ने कहा कि छात्रावास निर्माण के बाद देशभर से आने वाले समाज के बच्चों को यहां लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के भामाशाह आगे आए हैं, हम सभी को भी सहयोग कर इस धार्मिक हवनकुंड में आहुति देनी चाहिऐं। अध्यक्ष बालचंद फौजी, मंत्री मनोज गौतम ने बताया कि इस शोभायात्रा में कई आकर्षक के केन्द्र व झांकियां रहीं जिसमें मुख्य रूप से भगवान जगन्नाथ एवं महर्षि गौतम की झांकियां रहीं जिसके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही बग्गी, घोड़े, बैंड बाजे शोभायात्रा की शोभा बढाते चल रहे थे। कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद्र गौतम, उपाध्यक्ष निगम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज का रह व्यक्ति रहा जिसने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समस्त गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कोटा, बूंदी, झालावाड़ एवं बारां के लोग इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पं.बद्री प्रसाद गौतम संरक्षक, बालचंद शर्मा फौजी अध्यक्ष, मनोज गौतम मंत्री, निगम शर्मा उपाध्यक्ष, हीरेन्द्र शर्मा संयोजक, दिनेश शर्मा मौली व मनोज गौतम एड. सह संयोजक व. समाजसेवी भंवरलाल शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, रामबाबू तिवारी, धर्मेंद्र गौतम, भगवान गौतम आदि उपस्थित रहे।

## अलेह मिठ्ठे महावली सरकार के आस्थाने पर उर्स शुरू

**झालावाड़** (निसं)। हजरत ख्वाजा हमीदुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह मिठ्ठे महावली सरकार के आस्थाने पर रविवार को चांद दिखाई देने के साथ ही तीन दिवसीय उर्स की शुरूआत हो गई।

दरगाह वक्फ बोर्ड कमेटी की ओर से चादर पेश कि गई वहीं से उर्स का आगाज हुआ चादर पेश करने से पहले कव्वाल सरफराज अनवर साबरी ने अपना कलाम पेश किया इसमें "दरबार सलामत रहे तुम्हारा इस दर से ही है हमारा गुजारा मिठ्ठे महावली सरकार", "चल सखी साथ मेरे अब देर मत कर हो जायेगा तेरी मुश्किल का हल चल-चल मेरे मिठ्ठे के अंगना सुनाया तो अकीदत मन्द झूमने लगें। वही एक से बढ़कर एक' जैसे कई बहतरीन कलाम पेश किये। इसके बाद आस्ताने ओलिया पर चादर पेश की गई। वहीं दरगाह दीवान सैयद इमरान अली ने देश में अमन चैन के लिए दुआ की इस अवसर पर अकीदत मन्दों का हुजूम उमड़ पड़ा, अकीदतमन्द चादर चूमने को एकत्रित हुए यहां पूरे देश से जायरीन उर्स के मौके पर पहुंचते है। चादर चढ़ाते वक्त भी काफी भीड़ देखने को मिली। चादर शनिवार को सदर मदरसे से उठायी गई थी लेकिन चांद नहीं दिखने के कारण रविवार को पेश की गई।

गागरोन दरगाह वक्फ कमेटी के सदर अरबाज खान, इन्तजामिया कमेटी के सदर रहीम खान ने बताया कि रविवार को मगरीब की नमाज के बार चांद नजर आने के बाद आस्ताने ओलिया पर वक्फ कमेटी की ओर से चादर पेश की गई। इसके बाद तीन दिवसीय उर्स की शुरूआत हो गई। उर्स का आगाज होने के बाद से ही जायरीन के आने का सिलसिला शुरू हो गया है जो तीन दिन तक चलेगा।

## नहरी पानी को लेकर सीएडी कार्यालय पर किसान आज जुटेंगे

**कोटा,** (निसं)। शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी ने बताया की क्षेत्र के किसान नहरी पानी की मांग कि लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं परंतु अभी तक प्रशासन निर्णय नही कर पाया है आज 8 जुलाई को किसान पुनः संभागीय आयुक्त कार्यालय पर सुबह एकत्रित होंगे कल सीएडी प्रशासन ने सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित की हे जिसमे पानी को लेकर निर्णय हो सकता है। युवा किसान नेता गिर्राज गौतम और हरजिंदर सिंह ने कहा की किसान सीएडी की बैठक समाप्त होने ओर निर्णय तक सीएडी कार्यालय पर ही इंतजार करेंगे उन्होंने कहा की सीएडी प्रशासन अविलंब नहरों में छोड़ने का निर्णय करे क्योंकि किसानों को नहरी पानी के अभाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है किसानों के माथे पर चिंता साफ दिख रही है क्योंकि बिजली की आपूर्ति पूरी नहीं हो रही साथ ही भूमि गत जल स्तर भी लगातार नीच जाता जा रहा है ऐसी स्थिति में फसलों को बचाना मुश्किल हो जायेगा इसीलिए बैठक में पानी छोड़ने पर निर्णय करें अगर ऐसा नहीं होता है तो किसानों को विवश होकर कड़ा कदम उठाने पर विवश होना पड़ेगा और अगर कोई घटना घटित होती है तो संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी कल सभी किसानों को संभागीय आयुक्त कार्यालय पर पहुंचने का आव्हान किया है।

# पेंशनर समाज की आमसभा में जिला कार्यकारिणी ने महत्वपूर्ण निर्णय लिये

■ वार्षिक अधिवेशन, सदस्यता अभियान, पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण पर जोर

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान पेंशन समाज की नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी एवं उप शाखा अध्यक्षों की आम सभा रविवार को पेंशनर भवन न्यू कॉलोनी कार्यालय में आयोजित की गई।

आमसभा की शुरूआत मे जिलाध्यक्ष चतुर्भुज महावर ने जिला कार्यकारिणी, उपशाखा अध्यक्ष पदाधिकारीयो व सदस्यों का परिचय करवाया। आम सभा को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष महावर ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान पेंशनर समाज द्वारा जिन उप शाखाओं मे चुनाव हुये पांच वर्ष हो गये है उनके चुनाव शीघ्र करवाने के लिए निर्देशित किया गया है साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा प्रफार्मा भिजवाया गया है जिसे उपशाखा अध्यक्षो को भरकर जिलाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा बाद मे वह फॉर्म प्रांतीय अध्यक्ष को भिजवाया जायेगा।

आमसभा को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष महावर ने उप शाखा अध्यक्षो से कहा कि अपने अपने क्षेत्र मे फैमिली पेंशनर्स जिनकी जन्म तिथि अंकित नहीं है यथा शीघ्र दो प्रति में जिलाध्यक्ष को प्रेषित करें वही जिन पेशनर की उम्र 75 वर्ष अथवा 80 वर्ष होने जा रही है वह अपना प्रार्थना पत्र जिसमें पीपीओ नंबर अंकित हो अपना मोबाइल नंबर अंकित हो दो प्रति में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।




बून्दी में राजस्थान पेंशन समाज की नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी एवं उप शाखा अध्यक्षों की आम सभा आयोजित की गई।

संपूर्ण कार्यक्रम के पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया आम सभा में उपस्थित होने वाले सभी उप शाखाध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चंद्र मोहन मेवाड़ा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

राजस्थान पेंशन समाज जिला बूंदी के महामंत्री रामेश्वर मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना अति आवश्यक है वही जो पेशनर अलग संगठन चला रहे हैं उनको 7 दिन का नोटिस देते हुए पेशनर समाज से निष्कासित किया जाए। अगर कोई सदस्य निर्णय के विरोध मे अपील करना चाहता है तो प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान पेंशन समाज जयपुर को कर सकते हैं।

आम सभा में जिलाध्यक्ष चतुर्भुज महावर, महामंत्री रामेश्वर मीणा, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, संगठन मंत्री चंद्र मोहन मेवाड़ा, संयुक्त महामंत्री राजेंद्र सोनी, हुकमचंद सोनी, शम्भू दयाल श्रीगौड, रामदेव मेघवंशी, ओमप्रकाश वर्मा, पेंशनर समाज संरक्षक सोहन लाल भारद्वाज, उप शाखाध्यक्ष हरिनारायण देवता लाखेरी, राधेश्याम शर्मा कापरेन, हिंडोली गिरिराज प्रसाद शर्मा, नैनवा सत्यनारायण स्वामी, बालकिशन सोनी व प्रांतीय प्रतिनिधी महावीर शर्मा, महिला मंत्री पवित्रा सारस्वत, सुमित्रा ओझा उपस्थित हुए।

आमसभा में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों को जोडने, आजीवन सदस्यता राशि 1100 रूपये लेने, अक्टूबर माह मे आयोजित होने वाने वार्षिक अधिवेशन के लिये लोकसभाध्यक्ष को आमंत्रित करने, जिले मे समानांतर संगठन चला रहे अन्य पेशनरो को नोटिस देने, पेशनरो की समस्याओ का मांग पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को देने, पेंशनर समाज कैश बुक का यथा शीघ्र ऑडिट करवानने, उपशाखा अध्यक्षो से प्राप्त हुये प्रकरणो का निस्तारण करवाने, राजस्थान पेंशन समाज जयपुर पेंशन पत्रिका मे बूंदी जिले में अधिक से अधिक सदस्य बनाने को निर्णय किया गया। वही आगामी 17 जुलाई को कोटा संभाग मुख्यालय का एक धरना तथा मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को देना तय किया गया है।